# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0/35
दिनांक : 15.06.2020

## विज्ञप्ति

**विषय : विषम सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर, 2019 की प्रयोगात्मक/मौखिकी एवं आन्तरिक परीक्षाओं के अंकपर्ण ऑनलाईन अपलोड करने के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय द्वारा विषम सेमेस्टर के परिणाम घोषित किये जाने के समय संज्ञान में आया है कि कतिपय महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा अपने-अपने विद्यार्थियों के प्रयोगात्मक/मौखिकी तथा आन्तरिक परीक्षाओं के अंकपर्ण विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड नही किये गये हैं, जिससे उनका परीक्षाफल अपूर्ण है। विश्वविद्यालय द्वारा बार-बार निर्देश दिये जाने के उपरान्त भी कतिपय महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा अपने विद्यार्थियों के प्रयोगात्मक/मौखिकी तथा आन्तरिक परीक्षाओं के अंकपर्ण अपलोड करने में शिथिलता बरती गई है, जिसे माननीय कुलपति जी द्वारा अत्यन्त गम्भीरता लेते हुए यह निर्देश दिये गये हैं कि ऐसे महाविद्यालयों/संस्थानों को एक अन्तिम अवसर प्रदान किया जाय। माननीय कुलपति जी के आदेश के अनुपालन में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि ऐसे महाविद्यालय/संस्थान, जिन्होंने विषम सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर, 2019 की परीक्षाओं के प्रयोगात्मक/मौखिकी तथा आन्तरिक परीक्षाओं के अंकपर्ण विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड नहीं किये हैं, वे अविलम्ब विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड करते हुए उसकी हार्ड कॉपी 02 प्रतियों में विश्वविद्यालय के गोपनीय विभाग की खिड़की संख्या-40 पर प्राप्त कराते हुए उसकी प्राप्ति रसीद अवश्य प्राप्त कर लें अन्यथा कि स्थिति में यदि उनके महाविद्यालय/संस्थान के विद्यार्थियों का परीक्षाफल रोका जाता है तो इसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान का होगा।

2. संज्ञान में आया है कि कतिपय महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा अपने विद्यार्थियों के अंक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड कर दिये गये हैं किन्तु उनकी हार्डकॉपी गोपनीय विभाग में नही जमा कराई गई है, जो नितान्त आपत्तिजनक है। ऐसे समस्त महाविद्यालयों/संस्थानों से यह भी अपेक्षा की जाती है कि जिन्होंने विश्वविद्यालय के पोर्टल पर प्रयोगात्मक/मौखिकी तथा आन्तरिक परीक्षाओं के अंकपर्ण अपलोड किये जाने के उपरान्त उनकी हार्डकॉपी 02 प्रतियों में विश्वविद्यालय के गोपनीय विभाग को अभी तक उपलब्ध नही कराई है वह सभी महाविद्यालय/संस्थान गोपनीय विभाग की खिड़की संख्या-40 पर विलम्बतम दिनांक 25.06.2020 तक अवश्य उपलब्ध करा दें।

16/06/2020

**परीक्षा नियन्त्रक**

**प्रतिलिपि :-**

1. व्यैक्तिक सहायक-कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक-प्रति कुलपति को प्रति कुलपति महोदया के सूचनार्थ।
3. व्यैक्तिक सहायक-कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
4. व्यैक्तिक सहायक-परीक्षा नियन्त्रक को परीक्षा नियन्त्रक महोदय के सूचनार्थ।
5. समन्वयक-रिजल्ट सेल को सूचनार्थ।
6. प्रभारी, कम्प्यूटर केन्द्र/वेबसाईट, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
7. प्रेस प्रवक्ता को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त प्रेस विज्ञप्ति को सम्मानित समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।

**उप कुलसचिव (गोपनीय)**